पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस-विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 09 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक- 01-03-2023

दिनांक 28/01-03-2023 को रात्रि थाना इटौंजा 03, सु0गो0सि0 03, आलमबाग 02, पीजीआई 01 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में थाना वजीरगंज 01 अभियुक्त गिरफ्तार, इस प्रकार वांछित में कुल 09 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

डी0सी0पी0 पश्चिमी

अवैध शराब के साथ गिरफ्तार।

थाना मलिहाबाद-दिनांक 28-02-2023 को उ0नि0 श्री नरेन्द्र कुमार थाना मलिहाबाद द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01- आकाश पुत्र सरवन कुमार सैनी निवासी ग्राम अमानीगंज थाना मलिहाबाद जनपद लखनऊ को मधवापुर पुलिया थाना मलिहाबाद लखनऊ से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 01 प्लास्टिक के पिपिया मे करीब 08 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना मलिहाबाद पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

भा0द0वि0

आलमबाग-(सुसाइड)- दिनांक 01-03-2023 को थाना आलमबाग द्वारा बताया गया कि श्रीमती अज्जू पत्नी देवी दयाल निवासी श्रम विहार कालोनी गढ़ी कनौरा थाना आलमबाग लखनऊ ने थाना आलमबाग पर सूचना दिया कि आज दिनांक 01.03.2023 को समय करीब 10 बजे प्रातः उसके पति देवी दयाल उम्र करीब- 60 वर्ष पुत्र वंश गोपाल ने घर पर छत के पंखे से दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया है, जिससे उनकी मृत्यु हो गयी है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री इब्ने हसन मो0नं0 9935296178 द्वारा आवश्यक वैद्यानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक प्राइवेट नौकरी करता था।

बी0के0टी0-(एक्सीडेन्ट)-दिनांक 01-03-2023 को थाना बी0के0टी0 द्वारा बताया गया कि श्री राजकुमार (पत्रवाहक) सौ0 सैय्या अस्पताल साढ़ामऊ थाना बी0के0टी0 लखनऊ द्वारा बी0के0टी0 पर एक मेमो इस आशय का भेजा गया कि दिनांक 28-02-2023 को शाम समय करीब 07.25 बजे रामू उम्र करीब 40 वर्ष पुत्र भगवानदीन निवासी सिहाला थाना शारदानगर जनपद लखीमपुर खीरी को मृत अवस्था में इस चिकित्सालय में लाया गया। **इस सूचना पर एस0एस0आई0 श्री हाशिम रजा रिजवी मो0नं0 8858473098 द्वारा आवश्यक वैद्यानिक कार्यवाही की जा रही है। जिनके द्वारा बताया गया कि** दिनांक 28-02-2023 को शाम समय करीब 06.30 बजे रामू उम्र करीब 40 वर्ष पुत्र भगवानदीन को बिठौली क्रासिंग के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे रामू गम्भीर रुप से घायल हो गये, जिनको इलाज हेतु सौ0 सैय्या अस्पताल लाया गया, जहां पर डाक्टरो द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक मजदूरी करता था। मृतक की 01 पुत्री है।

रहीमाबाद - दिनांक 01-03-2023 को थाना रहीमाबाद द्वारा बताया गया कि श्री मनोज कुमार पुत्र रामभरोसे निवासी मसीढ़ा हमीर थाना माल लखनऊ द्वारा थाना रहीमाबाद पर सूचना दिया कि दिनांक 28.02.2023 को समय करीब 07.00 बजे शाम उसका भाई मंजीतराज घर से अपने मित्र कैलाश यादव पुत्र बृजलाल निवासी नरायनपुर थाना माल लखनऊ के भाई की बारात में ग्राम रमपुरवा थाना रहीमाबाद आया था। आज दिनांक 01-03-2023 को प्रातः उसे शुभम विश्वकर्मा पुत्र सतीश विश्वकर्मा के द्वारा सूचना मिली कि उसका भाई मंजीतराज रमपुरवा गांव में एक हाता के अंदर पड़ा हुआ है। उसकी मृत्यु हो गई है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री लल्लन प्रसाद पाल मो0नं0 639220170 द्वारा आवश्यक वैद्यानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक अविवाहित था। मृतक का ग्रा0 मसीढ़ा थाना माल में मेडिकल स्टोर है।